रेलटेल कॉर्पोरेशन ऑफ़ इंडिया लिमिटेड ( भारत सरकार का उपक्रम )
RailTel Corporation of India Ltd. ( A government of India Enterprise)
www.railtelindia.com

**दिनांक- 27.10.2022**

## प्रेस विज्ञप्ति

## श्री वी. राम मनोहरा राव, IRAS, ने नए निदेशक/वित्त, रेलटेल के रूप में पदभार ग्रहण किया

*******************

श्री वी. राम मनोहरा राव, **IRAS**, ने रेलटेल कारपोरेशन ऑफ़ इंडिया लिमिटेड के निदेशक/वित्त के रूप में कार्यभार संभाला है। श्री राव भारतीय रेलवे लेखा सेवा के 1998 बैच के सिविल सेवा अधिकारी है जिन्हे रेल परिवहन और शहरी विकास के क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे के फाइनेंसिंग, नीति निर्माण, बजट और प्रशासनिक क्षेत्रों में समृद्ध अनुभव है। उन्होंने इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, बैंगलोर और मैक्सवेल स्कूल ऑफ सिटिजनशिप, Syracuse, USA , से पोस्ट ग्रेजुएट पब्लिक पॉलिसी एंड मैनेजमेंट प्रोग्राम किया है और श्री वेंकटेश्वर यूनिवर्सिटी, आंध्र प्रदेश, से फिजिक्स में M.S.C किया है।

उन्होंने भारत सरकार के रेल मंत्रालय और आंध्र प्रदेश सरकार में प्रतिनियुक्ति पर कई महत्यपूर्ण पदों पर कार्य किया। उनके पास तीन रेलवे मंडलों में वरिष्ठ मंडल वित्त प्रबंधक के रूप में और रेलवे बोर्ड में निदेशक वित्त के रूप में कार्य करने का अनुभव है। इस दौरान उन्होंने रेल बजट बनाने में महत्यपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने आंध्र प्रदेश सरकार में प्रतिनियुक्ति पर आंध्र प्रदेश कैपिटल रीजन डेवलपमेंट अथॉरिटी में विशेष आयुक्त और समूह निदेशक वित्त और आंध्र प्रदेश सरकार में सचिव/ नगर प्रशासन और शहरी विकास के रूप में कार्य किया। उन्होंने केंद्र और राज्य सरकार दोनों सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों में सरकार द्वारा नामित निदेशक के रूप में भी काम किया है। श्री राव ने USA (मैक्सवेल स्कूल ऑफ पब्लिक पॉलिसी सिरैक्यूज़), जापान (जेआईसीए) और लंदन (ईएससीपी) में विभिन्न नेतृत्व और प्रशिक्षण कार्यक्रमों में भाग लिया है।

---

### रेलटेल के बारे में

रेल मंत्रालय के अधीन केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र का उपक्रम एक "मिनी रत्न (श्रेणी-I)" रेलटेल देश के सबसे बड़े न्यूट्रल टेलीकॉम इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोवाइडर्स एवं आईसीटी एवं सर्विस प्रोवाइडर्स में से एक है, जिसका ऑप्टिक फाइबर नेटवर्क पूरे भारतवर्ष में फैला है, जिसमें देश के अनेक नगर और शहर तथा ग्रामीण क्षेत्र शामिल हैं। ऑप्टिक फाइबर के 61000+रूट किलोमीटर के एक विश्वसनीय नेटवर्क के साथ रेलटेल के MeitY empaneled tier III के दो डेटा सेंटर भी हैं। पूरे भारतवर्ष में अपने उच्च क्षमता वाले नेटवर्क के साथ, रेलटेल द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में एक नॉलेज सोसाइटी के सृजन का कार्य किया जा रहा है और टेलीकॉम के क्षेत्र में भारत सरकार की विभिन्न मिशन आधारित परियोजनाओं के क्रियान्वयन के लिए भी रेलटेल को चुना गया है। रेलटेल द्वारा अनेक सेवाएं जैसे एमपीएलएस, वीपीएन, टेलीप्रेजेन्स, लीज़्ड लाइन, टॉवर को-लोकेशन, डेटा सेंटर सर्विसेस इत्यादि भी ऑफर की जाती हैं। रेलटेल द्वारा भारतीय रेल के साथ मिलकर पूरे देश में रेलवे स्टेशनों पर पब्लिक वाई-फाई की व्यवस्था करते हुए देश के रेलवे स्टेशनों को डिजिटल हब में बदलने का कार्य किया जा रहा है।

**अधिक जानकारी के लिए,कृपया संपर्क करें -**
sucharita@railtelindia.com